<u>प्रेस नोट</u>

<u>थाना नवाबाद, झाँसी</u>

दिनांक – 10.02.2026

- **स्वाट, सर्वेलेन्स एवं थाना नवाबाद पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा हत्या की घटना का सफल अनावरण; मृतक की पत्नी सहित अंतर्राज्यीय 03 शातिर अपराधी गिरफ्तार,**
- **घटना में प्रयुक्त देशी तमंचा, दुपहिया वाहन व 03 मोबाइल फोन बरामद,**

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के कुशल मार्गदर्शन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 10.02.2026 को थाना नवाबाद पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 69/26 धारा 103(1)/61(2)a BNS व 3/25/27 आर्म्स एक्ट मे वांछित अभियुक्तगण 1.शिवकुमार लोधी पुत्र विक्रम सिंह लोधी निवासी उमरी कला थाना भौती जिला शिवपुरी म0प्र0 उम्र करीब 35 वर्ष 2.धर्मेन्द्र लोधी पुत्र लक्ष्मण सिंह लोधी निवासी उमरी कला थाना भौती जिला शिवपुरी म0प्र0 उम्र करीब 20 वर्ष 3.श्रीमती किरन कुशवाहा पत्नी स्व0 जगभान कुशवाहा निवासी तेरई फाटक थाना तालबेहट जिला ललितपुर उम्र 40 वर्ष को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश कर जिला कारागार भेजा गया।

<u>घटना का संक्षिप्त विवरण –</u>

दिनांक 31.01.2026 को यूपी 112 पर सूचना प्राप्त हुई कि रेलवे स्टेशन से पुलिया नं0 09 जाने वाले रास्ते पर क्रॉसिंग से 100 मी0 पहले एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है, जिसकी शिनाख्त जगभान पुत्र सरमन नि0 तेरई फाटक, थाना तालबेहट, ललितपुर के रूप में हुई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण **"गन शॉट एंटी मार्टम इंजरी"** पाया गया। जगभान उपरोक्त की हत्या किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा किये जाने के सम्बन्ध में दिनांक 03.02.2026 को वादी राज कुशवाहा पुत्र जगभान कुशवाहा निवासी तेरई फाटक थाना तालबेहट जिला ललितपुर द्वारा दाखिल किये गये प्रार्थना-पत्र के आधार पर बावत अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी के पिता श्री जगभान कुशवाहा उम्र करीब 45 वर्ष की गोली मारकर हत्या कर देने के सम्बन्ध में अज्ञात अभि0 के विरुद्ध थाना स्थानीय पर अ0सं0 69/26 धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता 2023 पंजीकृत किया गया। दौराने विवेचना मुकदमा उपरोक्त में अभि0गण 1.शिवकुमार लोधी पुत्र विक्रम सिंह लोधी निवासी उमरी कला थाना भौती जिला शिवपुरी म0प्र0 2.धर्मेन्द्र लोधी पुत्र लक्ष्मण सिंह लोधी निवासी उमरी कला थाना भौती जिला शिवपुरी म0प्र0

3.श्रीमती किरन कुशवाहा पत्नी स्व0 जगभान कुशवाहा निवासी तेरई फाटक थाना तालबेहट जिला ललितपुर का नाम प्रकाश में आया जिनकी गिरफ्तारी व तलाश के दौरान आज दिनांक 10.02.2026 को मुखबिर की सूचना पर रक्सा बाइपास तिराहे पर महादेव काम्पलेक्स के सामने से अभियुक्तगण उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया। कब्जे से घटना में प्रयोग की गई मो0सा0 हीरो HF डीलक्स रंग काला व नीला चेचिस नं0 MBLHAW148R9A03034 रजि0 नं0 MP33ZG4105 व इंजन नं0 HA11ECR9A19302 के साथ गिरफ्तार किया गया । अभि0गण से पूँछताँछ के क्रम में अभि0 शिवकुमार लोधी की निशांदेही पर मृतक जगभान की हत्या में प्रयोग किये गये आलाकत्ल एक अदद अवैध देशी तमंचा 315 बोर को बरामद किया गया।

<u>पूछ-ताछ का विवरण</u> – गिरफ्तार अभियुक्ता किरन पत्नी स्व0 जगभान अभियुक्ता श्रीमती किरन कुशवाहा उपरोक्त से जगभान की हत्या के सम्बन्ध में पूँछताछ करने पर बताया कि वह अपने पति से बहुत परेशान थी उसका पति उसके साथ आये दिन मारपीट करता था। अपनी सारी जमीन मकान सब बेंच चुका है शराब पीकर उसे बहुत मारता पीटता है । अभियुक्ता किरन कुशवाहा की मुलाकात अभियुक्त शिवकुमार लोधी से फेसबुक के जरिये हुई थी । वह उसका हर प्रकार से ख्याल रखता था तथा वह उससे प्यार करने लगी। वह अपने पति की वजह से शिवकुमार से न तो बात कर पाती थी और न ही उससे मिल पाती थी। उसके पति द्वारा मारपीट से परेशान होकर उसने शिवकुमार को पूरी बात बताई जिससे शिवकुमार द्वारा किरन के कहने पर अपने दोस्त धर्मेन्द्र लोधी के साथ मिलकर जगभान को मारने की योजना बनाई। शिवकुमार ने अपने नाम से एक सिम निकलवाकर किरन को दी थी। दिनांक 31.01.2026 को जब जगभान घर से काम पर चला गया तो किरन द्वारा शिवकुमार को उसी सिम के द्वारा इस बारे में बता दिया गया। जिस पर शिवकुमार द्वारा अपने साथी धर्मेन्द्र लोधी के साथ मिलकर दिनांक 31.01.2026 को रेलवे स्टेशन से पुलिया नं0 09 की तरफ जाने वाले रास्ते पर सुनसान स्थान पर 315 बोर के तमंचे से गोली मारकर हत्या जगभान की हत्या कर दी थी।

<u>गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण –</u>

1. शिव कुमार लोधी पुत्र विक्रम सिंह लोधी उम्र करीब 35 वर्ष
2. धर्मेन्द्र लोधी पुत्र लक्ष्मन सिंह लोधी उम्र करीब 20 वर्ष निवासीगण उमरीकला थाना भौती जिला शिवपुरी म0प्र0
3. श्रीमती किरन कुशवाहा पत्नी जगभान कुशवाहा निवासी तेरई फाटक थाना तालबेहट जिला ललितपुर उम्र करीब 40 वर्ष

<u>गिरफ्तार करने वाली टीम –</u>

1. थाना प्रभारी नवाबाद मय पुलिस टीम ।
2. प्रभारी स्वाट/सर्वेलन्स मय पुलिस टीम।